**कार्यालय, प्राचार्य ,राजकीय कन्या महाविद्यालय,चौमूँ,(जयपुर)**

**पॉवर हाऊस के पीछे, मोरीजा रोड़, चौमूँ (जयपुर) 303702, राजस्थान**

Website: https://hte.rajasthan.gov.in/college/ggcchomu

email : ggc_chomu@yahoo.com, ggcchomu99@gmail.com Ph : 01423-223224


छात्रा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम रिपोर्ट
(12 फरवरी 2024 से 15 फरवरी 2024)

12 फरवरी से कन्या महाविद्यालय में छात्रा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम

शहर के मोरीजा रोड़ स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में दिनांक 12 फरवरी से 15 फरवरी तक ''छात्रा जागरूकता प्रशिक्षण'' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. राजेन्द्र कुमार ने बताया कि आयुक्तालय के निर्देशानुसार इस कार्यक्रम का आयोजन महिला प्रकोष्ठ व एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा।

महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. दीपाली जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान विषय विशेषज्ञों द्वारा महिला के विधीय अधिकार, महिला स्वास्थ्य, महिला आत्मरक्षा व वित्तीय जागरूकता विषयों पर व्याख्यान, प्रशिक्षण, कैम्प आदि का आयोजन किया जाएगा।

राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी सांवर मल जाट ने बताया कि यह आयोजन महाविद्यालय की छात्राओं के लिए बहुत लाभकारी रहेगा एवं छात्राओं के व्यक्तिगत व सामाजिक जीवन में आने वाली समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

**12 फरवरी 2024**

विधीय अधिकार पर व्याख्यान एडवोकट महेश कुमार शर्मा द्वारा






GPS Map
Camera Lite
5PCM+247, Gurudham Colony, Chomu, Rajasthan 303702, India
Latitude
27° 10' 11.13845" N
Longitude
75° 44' 0.49855" E
Local 12:09:50 PM
GMT 06:39:50 AM
Altitude 492 meters
Monday, 12.02.2024

पत्रिका

राजस्थान पत्रिका
जयपुर, मंगलवार, 13 फरवरी, 2024 [ विमलपुरा. बगवाड़ा. नांगलभरड़ा ]

**सड़क सुरक्षा माह का आयोजन :** नुक्कड़ नाटक का किया मंचन

# छात्राओं को दी यातायात नियमों की जानकारी

पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**चौमूं.** शहर के मोरीजा रोड स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. कविता गौतम की अध्यक्षता में सोमवार को जिला परिवहन अधिकारी चौमूं के सहयोग से सड़क सुरक्षा माह के तहत रस रंग मंच संस्था के कलाकारों ने यातायात नियमों पर आधारित लघु नाटक "फर्क तो पड़ता है भई" का प्रदर्शन किया।

इस दौरान नाटक में रंग मंच के कलाकार केके कोहली, हिमांशु झांकल,अजीत माथुर, रुद्रा आशीवाल, वंदना आशीवाल, सुमित आशीवाल ने अभिनय किया। नाटक के माध्यम से यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया। रस रंग मंच संस्था कलाकार झाकल ने बताया कि चौमूं के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में भी संस्था की ओर से मंचन किया गया।

उल्लेखनीय है कि रस रंग मंच संस्था द्वारा सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत 14 फरवरी तक राजस्थान के मुख्य मुख्य शहरों व स्थानों पर सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों पर आधारित नाटक किए जाएगा। कार्यक्रम में डॉ. दीपाली जैन, डॉ. सांवरमल जाट, कम्प्यूटर अनुदेशक शिव सैनी, शमशेर खान, डॉ. सुमन ढाका, महासिंह आदि उपस्थित थे।(निसं.)



**चौमूं.** राजकीय कन्या महाविद्यालय में नुक्कड़ नाटक का मंचन करते हुए।

## छात्रा जागरूकता कार्यक्रम शुरू

**जालसू @पत्रिका.** कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. पवन असवाल की अध्यक्षता में चार दिवसीय छात्रा जागरूकता कार्यक्रम शुरू हुआ। प्राचार्य डॉ. पवन असवाल ने कहा कि छात्राओं को निडर होकर अपने आत्म सम्मान की रक्षा करनी चाहिए। कालाडेरा थाने की पुलिसकर्मी सुमन ने छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए और आत्मरक्षा करने के तरीके सिखाए। जालसू चौकी प्रभारी गुलाब चंद ने छात्राओं को साइबर अपराधों के बचाव के उपायों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन आचार्य डॉ. जगजीत सिंह कविया ने किया। इस अवसर पर डॉक्टर सुमन यादव,सचिन कुमार, ओमप्रकाश यादव सहित अनेक छात्र छात्राएं उपस्थित थे।(नि.सं.)



कन्या महाविद्यालय में हुआ आयोजन

## विधिक अधिकारों के लिए छात्राओं को किया जागरूक



**चौमूं** के राजकीय कन्या महाविद्यालय में कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता एवं उपस्थित संकाय सदस्य एवं छात्राएं।

### कानून के बारे में दी जानकारी

**चौमूं.** शहर के राजकीय कन्या महाविद्यालय में सोमवार को छात्र जागरूकता प्रशिक्षण कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. कविता गौतम की अध्यक्षता में महिला प्रकोष्ठ, राज्य महिला नीति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में महिलाओं के विधिक संबंधी अधिकारों की जानकारी दी। महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. दीपाली जैन ने बताया किअधिवक्ता महेश शर्मा ने महिलाओं के विभिन्न कानूनी अधिकार, आईपीसी धाराओं, कानूनी आर्टिकल अधिनियम की जानकारी दी गई। साथ ही दहेज अधिनियम, कार्यस्थल पर लैंगिक शोषण रोकथाम, घरेलू हिंसा आदि कानून के बारे में बताया। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी के माध्यम से छात्राओं से वार्ता कर उनका ज्ञानवर्धन किया। अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी सांवरमल जाट ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ सदस्य डॉ. हंसा लुनायाच, अनिता कुमावत, कम्प्यूटर अनुदेशक शिव सैनी आदि उपस्थित रहे।(निसं.)

13/02/2024 | Chomu | Page : 20
Source : https://epaper.patrika.com/

13 फरवरी 2024

महिला स्वास्थ्य पर व्याख्यान डॉ. कविता गौतम एवं डॉ. कविता साहनी द्वारा






# चौमूं की महिला कॉलेज की छात्राओं को पीसीओडी के बारे में किया जागरूक



**-कैलाश पाराशर/कंट्री विजन/चौमूं**

शहर के मोरीजा रोड स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में मंगलवार को छात्र जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत कार्यवाहक प्राचार्य डॉ.कविता गौतम की अध्यक्षता में महिला प्रकोष्ठ, राज्य महिला नीति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में महिलाओं के स्वास्थ्य पर व्याख्यान माला का आयोजन हुआ। महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. दीपाली जैन ने बताया कि इस दौरान गृह विज्ञान प्रोफेसर डॉ. कविता गौतम ने पीसीओडी के बारे में छात्रों से विस्तृत चर्चा करते हुए व्याख्यान दिया। वहीं जीव विज्ञान की संख्या सदस्य डॉ.कविता साहनी ने स्वच्छता, पर्यावरण प्रदूषण, स्वास्थ्यवर्धक जीवन शैली आदि के बारे में छात्राओं को विस्तृत रूप से समझाया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी सांवरमल जाट ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ सदस्य डॉ.हंसा लुनायच, अनिता कुमावत, पंकज कुमारी, शिव सैनी आदि मौजूद थे।

# छात्राओं को पीसीओडी के बारे में जागरूक किया



**चौमूं (मृदुल पत्रिका)।** शहर के मोरीजा रोड स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय चौमूं में छात्र जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. कविता गौतम की अध्यक्षता में महिला प्रकोष्ठ, राज्य महिला नीति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को महिलाओं स्वास्थ्य पर व्याख्यान आयोजित किया गया।

महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. दीपाली जैन ने बताया कि गृह विज्ञान प्रोफेसर डॉ. कविता गौतम ने पीसीओडी के बारे में छात्रों से विस्तृत चर्चा करते हुए व्याख्यान दिया। जीव विज्ञान की संख्या सदस्य डॉ. कविता साहनी ने स्वच्छता, पर्यावरण प्रदूषण, स्वास्थ्यवर्धक जीवन शैली आदि के बारे में छात्राओं को विस्तृत रूप से समझाया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी सांवरमल जाट ने धन्यवाद ज्ञानपीठ किया कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ सदस्य डॉ. हंसा लुनायाच, अनिता कुमावत, पंकज कुमारी, शिव सैनी आदि उपस्थित रहे।

14 फरवरी 2024

**<u>महिला आत्मरक्षा पर ट्रेनिंग धर्मा जाट (एनजीओ अध्यक्ष द्वारा)</u>**






GPS Map Camera
Chomu, Rajasthan, India
47, near Govt. Girls College, Saraswati Vihar, Gurudham Colony, Chomu, Rajasthan 303702, India
Lat 27.169623°
Long 75.733703°
14/02/24 12:17 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Chomu, Rajasthan, India
47, near Govt. Girls College, Saraswati Vihar, Gurudham Colony, Chomu, Rajasthan 303702, India
Lat 27.169597°
Long 75.733703°
14/02/24 12:09 PM GMT +05:30
Google

# राजकीय कन्या महाविद्यालय चौमूं में छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

Ram gopal saini   February 14, 2024

**जीवन अनमोल है , इसे आत्महत्या कर नष्ट नहीं करें !**

**सुबह की शुरुआत माता-पिता के चरण स्पर्श से करें !**

**संस्कार सृजन @ राम गोपाल सैनी**

**चौमूं / जयपुर (संस्कार सृजन)** शहर के मोरीजा रोड स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय चौमूं में 15 फरवरी तक चलने वाले छात्र जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. कविता गौतम की अध्यक्षता में महिला प्रकोष्ठ, राज्य महिला नीति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में महिला सुरक्षा व आत्मरक्षा हेतु कैंप का आयोजन किया गया।



ला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. दीपाली जैन ने बताया कि यह ट्रेनिंग व कैंप महिला प्रकोष्ठ, महिला सुरक्षा समिति, राज्य महिला नीति, राष्ट्रीय सेवा योजना व रोवर रेंजर के तत्वाधान में आयोजित किया गया। जिसमें एनजीओ नारी शक्ति संस्थान की अध्यक्ष धर्म जाट ने महिला सुरक्षा के बारे में व्याख्यान दिया | तत्पश्चात छात्राओं को सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग प्रदान की जिसमें लाठी प्रहार युद्ध नीतियों के गुरु सिखाएं व योगाभयास भी कराया गया |

कार्यक्रम में महिला सुरक्षा समिति संयोजक हंसा लुनायच, अनिता कुमावत, महिला राज्य नीति सदस्य अभिलाषा जैमन, शाहिना परवीन, कविता साहनी, मीनाक्षी जैन, सुमन ढाका, अनिता कुमावत, पंकज कुमारी, कंप्यूटर अनुदेशक शिव सैनी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी सांवरमल जाट ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

**किसी भी कार्यक्रम को लाइव दिखाने के लिए संपर्क करें - 9214996258,7014468512.**

**बहुत जरूरी सूचना :- रात को दुर्घटना से बचने के लिए अपनी गाड़ी को लो बीम में चलाएँ !**

**हमसे जुड़े :-**

**Facebook**

**:- https://www.facebook.com/RamGopalSai**

15 फरवरी 2024

**<u>वित्तीय जागरूकता व्याख्यान डॉ. कविता गौतम एवं श्रीमती शाहीना परवीन द्वारा</u>**

# राजकीय कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को दिया वित्तिय जागरूक का प्रशिक्षण



**जयपुर गुलाबी टाइम्स**

**चौमूं ( गोविन्द तिवाड़ी )।** शहर के मोरीजा रोड स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में छात्रा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. कविता गौतम की अध्यक्षता में महिला प्रकोष्ठ, राज्य महिला नीति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को वित्तीय जागरूकता हेतु व्याख्यान आयोजित किया गया। महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. दीपाली जैन ने बताया कि अर्थशास्त्र की संघर्ष सदस्य शाहिना परवीन ने सेल्फ हेल्प ग्रुप छात्राओं में आर्थिक आत्मनिर्भरता, वित्तीय सुरक्षा, महिला उद्यमिता व ऋण प्राप्ति आदि विषय पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ गौतम ने वित्तीय मैनेजमेंट के बारे में छात्राओं को बताया कार्यक्रम में राज्य महिला नीति सदस्य हंसा लुनायच, अभिलाषा जैमन, वंदना उपाध्याय, कंप्यूटर अनुदेशक शिव सैनी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी सांवरमल जाट ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

पत्रिका

# महाविद्यालय की छात्राओं को दी वित्तीय प्रबंधन की जानकारी



**चौमूं** के राजकीय कन्या महाविद्यालय में जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता एवं उपस्थित छात्राएं।

**चौमूं**. शहर के राजकीय कन्या महाविद्यालय में गुरुवार को छात्रा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. कविता गौतम की अध्यक्षता में वित्तीय जागरूकता व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

महिला प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. दीपाली जैन ने बताया कि कार्यक्रम में अर्थशास्त्र की संकाय सदस्य शाहिना परवीन ने सेल्फ हेल्प ग्रुप छात्राओं में आर्थिक आत्मनिर्भरता, वित्तीय सुरक्षा, महिला उद्यमिता व ऋण प्राप्ति आदि और प्राचार्य डॉ. गौतम ने वित्तीय प्रबंधन जानकारी दी। राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी सांवरमल जाट ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान राज्य महिला नीति सदस्य हंसा लुनायच, अभिलाषा जैमन, वंदना उपाध्याय, कंप्यूटर अनुदेशक शिव सैनी आदि उपस्थित रहे। (निसं.)


राजकीय कन्या महाविद्यालय, चौमूं (जयपुर)
महिला प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में
“छात्रा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम”
दिनांक 12-02-2024 से दिनांक 15-02-2024
GPS Map Camera
Chomu, Rajasthan, India
5P9P+V8M, Gurudham Colony, Chomu, Rajasthan 303702, India
Lat 27.169465°
Long 75.733901°
15/02/24 11:30 AM GMT +05:30
Google


राजकीय कन्या महाविद्यालय, चौमूं (जयपुर)
महिला प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में
“छात्रा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम”
दिनांक 12-02-2024 से दिनांक 15-02-2024